www.amritvichar.com

## सुविचार



"जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है, उसी तरह मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है"।
-रवींद्रनाथ टैगोर


# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली , रविवार,5 अप्रैल 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- जाम से जंग : आफत बने 6 रूटों पर जुटी ट्रैफिक मार्शल-II
- भाजपा नेत्री ने प्रीतिभोज को मांगे 20 सिलेंडर-III
- बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली-IV


### सिटी ब्रीफ

## बरेली से उत्तराखंड के बीच सुगम यात्रा की रूपरेखा तैयार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से उत्तराखंड की रेल यात्रा को मजबूत किया जाएगा। इसको लेकर रेलवे की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में रेलवे ने इसकी घोषणा की है। बजट में बताया गया है कि बरेली से बागेश्वर और रीठा साहब तक रेल लाइन डाली जाएगी। टनकपुर से बागेश्वर तक 158 . 58 किलोमीटर की लाइन बिछाई जाएगी। वहीं लालकुआं हल्दी रोड पंतनगर तक का फाइनल लोकेशन सर्वे मंजूर हो गया है। भोजीपुरा से लालकुआं तक के अन्य कार्यों को भी मंजूरी मिल गई है।

### शहर में आज

- बरेली क्राइट एसोसिएशन की ओर से ईस्टर पर क्राइस्ट मेथोडिस्ट ग्राउंड में सनराइज सर्विस सुबह 5 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- यूथ वेलफेयर सोसाइटी की ओर से हिंदी रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य पर रंगकर्म गौरव सम्मान रोटरी भवन दोपहर 3 बजे।
- गा लो मुस्कुरालो संस्था की ओर से संगीत ऑफलाइन कार्यक्रम बरेली क्लब क्लाउड नाइन में पूर्वाह्न 11:00 बजे।
- टैलेंट आर्ट अकादमी की ओर से नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन यामिनी आर्ट गैलरी में दोपहर 1 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में अमृत मंथन भरतनाट्यम प्रस्तुति शाम 5:15 बजे।
- बरेली जिला परफॉर्मेंस आर्ट यूनिट की ओर से आईएमए हाल में सांस्कृतिक प्रतियोगिता सुबह 10:30 बजे से।
- सपा कार्यालय पर मासिक बैठक दोपहर 12 बजे
- कश्यप परिवार उत्तर प्रदेश की ओर से महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कश्यप चौक स्टेडियम रोड पर शाम 6 बजे।

### झाकियां मनमोहक



हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ( संबंधित खबर पेज IV पर ) • अमृत विचार

## निजी भूमि हस्तांतरित न होने से एयरपोर्ट का विस्तार लटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली एयरपोर्ट विस्तार के लिए पिछले साल 16.97 एकड़ निजी भूमि अर्जन की गई**
- **अभी तक भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को ट्रांसफर नहीं हुई, लैंड लीज एग्रीमेंट नहीं बना**

**अमृत विचार :** पिछले अर्जन की गयी निजी भूमि हस्तांतरित नहीं होने से सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) के विस्तारीकरण का मामला लटक गया है। अभी तक लैंड लीज एग्रीमेंट नहीं बना है। लैंड लीज एग्रीमेंट बनने के बाद भूमि बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के नाम हस्तांतरित की जाएगी। इसके बाद ही एयरपोर्ट विस्तार की परियोजना पर कार्य शुरू होगा।

दरअसल, बरेली एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में बड़े-बड़े एप्रन, टैक्सी-वे और बड़े टर्मिनल का निर्माण होना है। इसमें पहले चरण में 10 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन और 222 सीटर विमान पार्क करने के लिए सात एप्रन बनेंगे। दूसरे चरण में 20 हजार वर्ग मीटर के टर्मिनल भवन के साथ 222 सीटर विमान को पार्क करने के लिए 10 एप्रन बनने हैं। इसके लिए ग्राम समाज और रक्षा संपदा की भूमि भी अर्जन की गयी थी। 16.97 एकड़ निजी भूमि क्रय कर 44.26 करोड़ रुपये मुआवजा किसानों को बांटा था। वर्ष 2024 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन की ओर से बरेली एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की कवायद शुरू करने को पत्राचार किया गया था। शासन ने भूमि अर्जन करने के संबंध में वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की थी। डीएम के निर्देश पर तहसील सदर की टीम ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए भूमि अर्जन करने की कार्यवाही पूरी की थी।

# सैटेलाइट हादसे में फंसी इंजीनियर-सुपरवाइजर की भी गर्दन

## अपर नगरायुक्त की अध्यक्षता में बनी दो सदस्यीय कमेटी ने सौंपी जांच रिपोर्ट, ठेकेदार, सफाई नायक सहित 5 को दोषी माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **24 मार्च की रात सेटेलाइट पर नाले में समा गया था ट्रक ड्राइवर**
- **दोषियों पर कार्रवाई होना तय ठेकेदार की फर्म होगी ब्लैकलिस्ट**

**अमृत विचार :** सैटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले में गिरकर हरदोई के ट्रक ड्राइवर तौहीद की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट आ गई है। अपर नगरायुक्त की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने हादसे के लिए दो जूनियर, सुपरवाइजर, सफाई नायक के साथ ठेकेदार को दोषी मानते अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। आगे का एक्शन अब नगरायुक्त संजीव मौर्या को लेना है। जांच में गर्दन फंसने के बाद जहां एक ओर जहां ठेकेदार की फर्म ब्लैकलिस्ट की जानी है, वहीं सभी दोषियों पर गाज गिरना भी तय मानी जा रही है।

स्मार्ट सिटी बरेली की साख पर ग्रहण लगाने वाला मनहूस हादसा सैटेलाइट पर 24 मार्च की रात में हुआ था।

हरदोई का रहने वाला नौजवान तौहीद रुद्रपुर की एक कंपनी में ट्रक चलाता था और उत्तराखंड में लंबे समय काम करने के बाद अपने घर जा रहा था। रात में वह बस अड्डे पर खुले नाले किनारे हरदोई के लिए बस का इंतजार कर रहा था। अचानक वह गहरे नाले में गिर गया था। तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के बाद भी एसडीआरएफ, पुलिस व नगर निगम की टीमें 30 घंटे बाद तौहीद




का का शव नाले से बरामद कर सकी थीं।

स्मार्ट शहर के दावों के बीच खुले छोड़े गए जानलेवा नाले में गिरने से एक परदेसी युवक की मौत होने से नगर निगम की भारी फजीहत हुई थी और अफसरों को मौके पर जनता के सवालों का जवाब देना मुश्किल हो गया था। हादसे पर हायतौबा मचने पर नगरायुक्त संजीव मौर्या ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की थी।

जांच टीम में अपर नगरायुक्त शशि भूषण राय के साथ अधिशासी अभियंता को शामिल किया गया था और उन्हें 48 घंटे में जांच रिपोर्ट देने को कहा गया था। हालांकि, टीम तय समय पर जांच पूरी नहीं कर सकी। 10 दिन बाद अब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नगरायुक्त को सौंप दी है, जिसमें ठेकेदार के अलावा दो जूनियर इंजीनियर, एक सुपरवाइजर व एक सफाई नायक को हादसे के लिए जिम्मेदार माना गया है। जांच में सामने आया है कि संबंधित ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों को लेकर खतरनाक तरीके से अनदेखी की थी। नाले को ढकने या चेतावनी के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। अफसरों का कहना है कि आरोपी ठेकेदार की फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुपरवाइजर और सफाई नायक पर गाज पहले ही गिर चुकी है। बाकी दोषियों के खिलाफ एक्शन होना भी तय है।

### जांच रिपोर्ट में कार्रवाई व सुझाव का रोडमैप तय

जांच कमेटी खुले नाले में गिरकर हुई तौहीद की मौत में दोषी मिले अफसरों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की संस्तुति की है। रिपोर्ट के आधार पर सुपरवाइजर और सफाई नायक के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई, निलंबन और दंड की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जेई और सफाई निरीक्षक पर अनुशासनात्मक जांच के बाद दंड या चेतावनी और ठेकेदार की फर्म ब्लैकलिस्ट करने के अलावा भविष्य में कोई भी नगर निगम प्रोजेक्ट न दिए जाने की सिफारिश की गई है। कमेटी ने भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने को कई सुझाव भी दिए हैं, जिनमें खतरनाक नालों को ढका जाना, चेतावनी बोर्ड लगाना और नियमित निगरानी शामिल है। नगरायुक्त के स्तर से जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, ताकि सभी जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आते ही नगर निगम के निर्माण व स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

### नगरायुक्त बोले, रिपोर्ट पढ़ने के बाद लेंगे एक्शन

हरदोई के ट्रक ड्राइवर तौहीद की मौत मामले में जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। विस्तृत जांच रिपोर्ट को वह गहराई से पढ़ेंगे। उसके ठेकेदार समेत सभी बाकी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए शासन को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। -**संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

## लालकुआं में ब्लॉक से चार ट्रेनें रहेंगी निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लालकुआं रेलवे स्टेशन यार्ड में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य के चलते चार ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं, कुछ ट्रेनों को रि-शिड्यूल और शार्ट-ओरिजनेट किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि ब्लॉक के चलते 55302/55301 लालकुआं-मुरादाबाद-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 एवं 7 अप्रैल को निरस्त रहेगी। 55303 मुरादाबाद-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को निरस्त रहेगी। 55309/55310 लालकुआं-काशीपुर-लालकुआं सवारी गाड़ी, 55305/55306 काशीपुर-रामनगर-काशीपुर सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को निरस्त रहेगी। वहीं कासगंज से 6 अप्रैल को चलने वाली 55307 कासगंज-रामनगर सवारी गाड़ी 165 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। 55304 लालकुआं-मुरादाबाद सवारी गाड़ी 5 अप्रैल को काशीपुर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी काशीपुर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 15061 कासगंज-लालकुआं एक्सप्रेस गाड़ी 5 व 6 अप्रैल को इज्जतनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी इज्जतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 55311 कासगंज-लालकुआं सवारी गाड़ी 6 अप्रैल को पंतनगर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी पंतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी।15062 लालकुआं-कासगंज एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन 6 अप्रैल को पंतनगर में शार्ट-ओरिजनेट कर किया जायेगा। यह गाड़ी पंतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी। 55312 लालकुआं-कासगंज सवारी गाड़ी का संचलन 6 व 7 अप्रैल को इज्जतनगर में शार्ट-ओरिजनेट कर किया जाएगा। यह गाड़ी इज्जतनगर-लालकुआं के मध्य निरस्त रहेगी।



### गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 10 अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन गोरखपुर से 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को और लालकुआं से 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को करने का फैसला लिया है। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05009 गोरखपुर-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 17 .05 बजे चलकर बस्ती 18 .20 , गोंडा 20 .10 , सीतापुर जंक्शन 23 .00 बजे, दूसरे दिन लखीमपुर 00 .05 बजे, गोला गोकरननाथ 00 .37, मैलानी 01.35, पूरनपुर 02 .27 , पीलीभीत 03 .30 , भोजीपुरा 05 .15 और किच्छा से 06 .05 बजे छूटकर लालकुआं 08 .00 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 05010 लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से 10 .00 बजे चलकर किच्छा से 11.42 , भोजीपुरा से 13 .00 , पीलीभीत से 14 .17 , पूरनपुर से 15 .20 , मैलानी से 16 .20, गोला गोकरननाथ से 17 .10, लखीमपुर से 17 .32 , सीतापुर जंक्शन से 18 .45 , गोंडा से 21 .50 व बस्ती से 23 .32 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 01 .15 बजे पहुंचेगी।

## 15 हजार करोड़ निवेश लक्ष्य, 4741 करोड़ के प्रोजेक्ट पूरे

**बरेली,अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के तहत जिले को मिले 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाले लक्ष्य में 4741 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट पूरा कर लिया गया है। जबकि, दो हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम अंतिम चरण में है। इसमें 180 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए गए थे। जिनमें से 168 कंपनियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। शेष कंपनियों के प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

सरकार की यह पहल निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास को भी गति दे रही है। इन परियोजनाओं के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। औद्योगिक माहौल मजबूत होगा। वहीं, जीबीसी-5 के तहत सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए अब तक 4741 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं।

## अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापे एक सील, कई को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. लईक अहमद अंसारी ने टीम के साथ जिले में छापामारी कर कई अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चेक किया। इस दौरान एक सेंटर संचालक पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका। टीम ने सेंटर को सील कर दिया। वहीं, जिन सेंटरों पर कमियां मिली हैं, उनके संचालकों को चेतावनी दी गई है।

नोडल अधिकारी ने शुक्रवार को कुंडरा कोठी स्थित मन्नत अल्ट्रासाउंड, जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड,रिछा के हर्ष कला अल्ट्रासाउंड, बहेड़ी में ग्लोबल, हिंद, यूनिक, मैक्स, लाइफ लाइन, अरोरा, नियाजी और विद्या अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर टीम ने सेंटर को सील कर दिया। संचालक को तीन दिन के भीतर आवश्यक



अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करते नोडल अफसर डॉ. लईक अहमद अंसारी।

दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेज न दिखाने पर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, निरीक्षण के समय मैक्स और लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले। विभाग ने सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे शासन के मानकों के अनुरूप ही सेवाएं संचालित करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित सेंटर के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मिनी बाईपास पर पांच ट्राली रेता बजरी जब्त, 70 हजार जुर्माना

- **नगर निगम की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, फड़ व ठेले वालों में मची भगदड़**
- **अवैध रूप से डंप निर्माण सामग्री को कब्जे में लेकर सड़क कराई खाली, दी चेतावनी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम की टीम ने शनिवार को मिनी बाईपास पर अभियान चलाया। सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टीम ने भारी मात्रा में निर्माण सामग्री जब्त की। अवैध रूप से डंप करके रखी गई पांच ट्राली रेता और बजरी को कब्जे में ले लिया। सार्वजनिक मार्ग को बाधित करने और नियमों के उल्लंघन के आरोप में दुकानदारों से 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

निगम टीम दोपहर को जैसे ही



निगम टीम ने जेसीबी के जरिए अतिक्रमण हटवाया। • अमृत विचार

पहुंची, वैसे ही सड़क किनारे फड़ और ठेले लगाने वालों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपना सामान समेटकर भागते नजर आए, तो कई ने टीम के साथ बहस करने की कोशिश की। हालांकि, अधिकारियों की सख्ती के आगे किसी की एक न चली और अवैध रूप से लगाए गए ठेलों को मार्ग से हटवा दिया गया।

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि मिनी बाईपास पर लंबे समय से अवैध अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे राहगीरों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट कहा कि सरकारी जमीन और सड़कों पर किसी भी तरह का कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के व्यापारियों और ठेले वालों को चेतावनी दी है कि वे स्वयं ही सड़क से अपना अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा।

**कड़वा सच** | कुछ ही महीने में अनदेखी से बेपटरी हुई फैमिली ट्रेन, दो डिब्बे खराब पड़े, केयर टेकर गायब, विस्तार की योजना दावों में सिमटी

# लिलौर झील में घुमक्कड़ी के सपने धड़ाम, टॉय ट्रेन के पहिए जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पर्यटन विभाग ने पिछले साल जब रामनगर की ऐतिहासिक लिलौर झील किनारे टॉय ट्रेन का संचालन शुरू किया तो ऐसा लगा कि शिमला यहां उतर आया हो, लेकिन अब इस ट्रेन के हालात खराब हैं। ग्राम पंचायत टॉय (फैमिली ट्रेन) का रखरखाव ठीक से नहीं कर रही है। शनिवार को लिलौर झील की फैमिली ट्रेन के संचालन की स्थिति परखी गई तो पांच डिब्बों की ट्रेन में दो डिब्बे खराब खड़े थे। उनके टायरों की हवा निकली हुई थी। माना जा रहा है कि दोनों डिब्बों के टायर वाले पहिये





पंक्चर हो गए हैं। मौके पर केयर टेकर भी नहीं मिला।

दरअसल, साल 5 नवंबर को पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी, डीएम अविनाश सिंह आदि की मौजूदगी में रामनगर स्थित ऐतिहासिक लिलौर झील में टॉय ट्रेन और बोटिंग का शुभारंभ किया था। उस दौरान यह भी दावे किए गए कि एक किलोमीटर के दायरे में ट्रेन को संचालित किया जाएगा। उसके बाद इसे 52 हेक्टेयर में फैली झील के चारों तरफ चलाने की योजना को शामिल किया गया था। इधर, आंवला के तहसीलदार ब्रजेश वर्मा का कहना है कि टॉय ट्रेन का संचालन ग्राम पंचायत को दिया गया है। पंचायत ही संचालन कर रही है। यदि ट्रेन के डिब्बों के पहिये खराब हैं तो दिखवाकर ठीक करा दिया जाएगा।

लिलौर झील का पर्यटन विकास के लिए शासन ने धनराशि स्वीकृत की है, पर्यटन विभाग उसे देख रहा है। क्या-क्या कार्य होंगे, इसकी कार्ययोजना आने पर जानकारी होगी। वहीं, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय शर्मा का कहना है कि ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। रेवेन्यू वसूलने का कार्य विभाग का नहीं है। हम एजेंसी हैं।

**ये कार्य हैं प्रस्तावित :** लीलौर झील व ढिलवारी प्राचीन राम कटोरा ताल का ईको पर्यटन विकास करने के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पिछले माह ही मिली। सवा दो करोड़ रुपये आवंटित भी हुए। ईको पर्यटन विकास कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने 299 .98 लाख रुपये का आगणन भेजा। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईको टूरिज्म का विकास के अन्तर्गत 295 .17 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।

अम्बा हेल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।


चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

## बरसे काले बदरा...





शुक्रवार रात से मौसम का मिजाज ऐसा बदला कि शनिवार को भी कई उतार चढ़ाव देखने को मिले, दिन में धूप छांव के नजारे देखने को मिले तो रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश का दौर चला, तापमान नीचे आ गया और लगा जैसे कि सर्दी लौट आई हो..। ● अमृत विचार

# जाम से जंग : आफत बने 6 रूटों पर जुटे ट्रैफिक मार्शल

## शहर में हर एक जाम प्वाइंट की निगरानी करेंगे अफसर, एसपी ट्रैफिक ने समीक्षा के बाद लिए कई फैसले, जाम से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई योजना लागू करने की तैयारी की है। जिसमें कंजेशन फ्री डिस्ट्रिक्ट के तहत सर्वे कर पूरे शहर में 6 रूट का चिह्नांकन किया गया है। सभी रूट पर जाम के कारण की समीक्षा की गई। उसके बाद औसत यात्रा समय में कमी लाना उद्देश्य रहेगा। सभी रूट की सूक्ष्म मॉनिटरिंग आधुनिक यातायात नियंत्रण कक्ष से की जाएगी।



शहर के रूट एक में नावल्टी चौराहा, पटेल चौक, चौकी चौराहा, कचहरी चौराहा, जंक्शन तिराहा, चौपुला चौराहा को शामिल किया गया। यहां पर रूट मार्शल मनीष कुमार दुबे तैनात रहेंगे। इसके अलावा रूट नंबर दो में मालियों की पुलिया, ईसाईयों की पुलिस, सेटेलाइट, बीसलपुर चौराहा, डोहरा मोड़, सुरेश शर्मानगर, बजरंग ढाबा को शामिल किया गया है। यहां टीआई शैलेन्द्र सिंह निगरानी करेंगे। रूट तीन में सीबीगंज चौराहा, मिनी बाईपास, सत्यप्रकाश पार्क, दुल्हे मियां की मजार, सिटी स्टेशन को शामिल किया गया। यहां टीआई विपिन कुमार राघव निगरानी करेंगे। रूट चार में कोहाड़ापीर चौराहा, सूद धर्मकांटा, सलेक्शन पाइंट, डेलापीर तिराहा, 100 फुटा रोड, फिनिक्स मॉल, बैरियर टू टीएसआई विनीत कुमार निगरानी करेंगे। रूट पांच में कोहाड़ापीर चौराहा, अशोक नगर तिराहा, इज्जतनगर तिराहा, कर्मचारी नगर चौराहे से देवरनिया नदी पुल तक टीएसआई जितेन्द्र सिंह निगरानी करेंगे। रूट छह में सिकलापुर चौराहा, बरेली कॉलेज, श्यामगंज चौराहा, बरेली कॉलेज पूर्वी गेट, ईंट पजाया, संजयनगर तिराहे से श्री राम शबरी द्वार तक टीएसआई कपिल कुमार राघव निगरानी करेंगे। किसी भी रूट पर जाम या कंजेशन होने पर रूट मार्शल को सूचित किया जाएगा। रूट मार्शल त्वरित प्रतिक्रिया देकर जाम का समाधान करेंगे।

- **नई व्यवस्था से औसत यात्रा समय में कमी लाना मकसद**
- **कंजेशन फ्री डिस्ट्रिक्ट के तहत सर्वे किया गया**

"सभी रूट मार्शल को वाहन के साथ मुख्य आरक्षी और आरक्षी दिए गए हैं, ताकि उनके पास मानव संसाधन की कमी न रहे। यदि जनता के किसी व्यक्ति को कहीं भी जाम की सूचना मिले तो ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 97 601 601 12 या 05812 56 57 58 पर जानकारी दें। अभी समीक्षा चल रही है। अगले हफ्ते से शुरू करने की योजना है।



**मोहम्मद अकमल खान**, एसपी ट्रैफिक

## सफाई नायक पर गंभीर आरोप लगाए

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के वार्ड 30 स्वाले नगर में तैनात एक संविदा सफाई नायक की कार्यप्रणाली विवादों के घेरे में है। स्थानीय निवासियों ने सफाई नायक श्याम कुमार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामला 28 मार्च का है।

आरोपी ने कथित तौर पर एक महिला के परिवार के साथ मारपीट की। इस घटना से आक्रोशित पीड़ित पक्ष ने 31 मार्च को थाना किला में शिकायत दर्ज कराई। मोहल्ले वासियों का कहना है कि आरोपी आए दिन लोगों के साथ गाली-गलौज करता है। शनिवार को स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी को पद से हटाने और कार्रवाई की मांग की है।

# कप्तान ने कोतवाली, इज्जतनगर बारादरी सहित कई थानेदार बदले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसएसपी अनुराग आर्या ने महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। शहर से देहात तक कई थाना प्रभारियों के तैनाती स्थल बदले हैं। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय को शहर कोतवाली की कमान मिली है। अभी तक कोतवाली इंस्पेक्टर रहे सुरेश चंद्र गौतम को इज्जतनगर प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह अब प्रभारी निरीक्षक बारादरी का चार्ज संभालेंगे।

क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग के इंस्पेक्टर संजय धीर को कैंट थाने का प्रभारी बनाया गया है। कैंट प्रभारी राजेश कुमार प्रभारी क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन होंगे। शीशगढ़ थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह को साइबर सेल प्रभारी नियुक्त किया गया है। सुभाषनगर प्रभारी जितेन्द्र सिंह को शीशगढ़ का प्रभार दिया गया है। सुभाषनगर थाने के इंस्पेक्टर क्राइम सतीश कुमार को यहीं प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी सौंपी गई है। किला इंस्पेक्टर सुभाष कुमार का गैर जनपद तबादला होने पर उन्हें पुलिस लाइन भेजा है। एएचटी थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह को किला थाना प्रभारी बने हैं। मनोज चतुर्वेदी को थाना इंचार्ज एएचटी का दायित्व संभालेंगे। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर बीनू चौधरी को आंवला थाना प्रभारी बनाया गया है। आंवला से कुंवर बहादुर सिंह को साइबर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी दिनेश शर्मा को बहेड़ी कोतवाली सौंपी गई है। बहेड़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार भमोरा थाना प्रभारी बने हैं। भमोरा थाना प्रभारी सनी चौधरी का गैर जनपद तबादला होने से लाइन किए गए हैं। विशारतगंज थाना प्रभारी एसआई राजेश बाबू मिश्रा को बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर चन्द्रप्रकाश शुक्ला को विशारतगंज थाने की जिम्मेदारी दी गई है।



एसएसपी अनुराग आर्य।

- **धनंजय पांडेय को बारादरी से कोतवाली की कमान, कोतवाल सुरेश गौतम भेजे इज्जतनगर**
- **विजेंद्र सिंह बने प्रभारी बारादरी, राजेश मिश्रा को दिया गया बिथरी चैनपुर थाने का चार्ज**

## युवक के ऊपर ऑटो चढ़ाकर हत्या की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार:** बच्चों को पीटने के विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट कर ऑटो चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की गई। कैंट पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कैंट थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर कांधरपुर निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह कांधरपुर स्थित अपनी डेयरी से घर जा रहा था। रास्ते में मोहित और नवनीत शर्मा के साथ तीन अज्ञात लोग चार बच्चों को पीट रहे थे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। कई जगह उसे गुम चोटें आईं। आरोप है कि आरोपियों ने हाथ में बंधी घड़ी व जेब से 1 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपियों ने उसे जान से मारने की नियत से ऑटो चढ़ाने का प्रयास किया। धमकी दी अगर रिपोर्ट दर्ज कराई तो अंजाम बुरा होगा। पुलिस ने मोहित, नवनीत शर्मा और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एआई से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर रहा पति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** तलाक के बाद भी पति पत्नी को रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें कर परेशान कर रहा है। महिला का आरोप है कि पति ने एआई से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दी है। महिला ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीलीभीत में बरखेड़ा थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को बताया कि वह मौजूदा समय में बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रह रही है। महिला ने बताया कि उससे पति का 11 सितंबर 2025 को तलाक हो चुका है। आरोप है कि तलाक के बाद भी पति उसे रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें करता है। विरोध करने पर मारपीट और गाली गलौज की जाती है। आरोप है कि 29 मार्च को पति उसके घर पर आ धमका और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अगले दिन वह कई युवकों के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि उसने उसे घर से जबरन उठाने की कोशिश की।

### पति पर लगाया मायके से जबरन दस्तावेज ले जाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र के मोहल्ला शाहबाद निवासी असमी खानम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी किला क्षेत्र के हुसैन बाग निवासी मोहम्मद आजम के साथ हुई थी। आरोप है कि 31 मार्च की दोपहर को पति उसके मायके में घुस आया। पति उसकी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए, एमए के मूल प्रमाण पत्र के साथ पासबुक चेकबुक, आधार और पैन कार्ड ले गया। विरोध करने पर पति ने जान से मारने की धमकी दी। महिला के अनुसार पति से उसका पारिवारिक विवाद चल रहा है। तलाक की याचिका पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन है।

## जानलेवा हमले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार:** दंपति पर जानलेवा हमला करने के आरोपी थाना हाफिजगंज के ग्राम भंडसर निवासी शेरपाल की जमानत अर्जी जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने खारिज कर दी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि वादी ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया कि एक प्लाट गांव में ही विपक्षी लोगों के घर के सामने है, जिसमें वादी ने यूकेलिप्टस के पेड़ लगा दिये। 30 मई 2025 की शाम करीब 6 बजे मां ने पेड़ में बंधे ताबिज को देखा पिता को आवाज लगाई। इस दौरान शेरपाल, कंठा, पूनम, कामनी ने उसकी मां विद्यावती की पीठ पर डंडे से हमला किया। पिता रामकिशोर बचाने आये तो उन पर भी कुल्हाड़ी से हमला किया गया। बता दें कि इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से क्रॉस केस दर्ज कराया गया था।

- **दूसरे पक्ष ने भी क्रॉस केस दर्ज कराया था**

## उपद्रव में सुभान चूरन की जमानत अर्जियां खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर में हुए उपद्रव मामले के आरोपी किशोर बाजार निवासी सुभान उर्फ चूरन की जमानत अर्जियां अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दीं। शासकीय अधिवक्ता महेश यादव ने बताया कि उप निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया था कि 26 सितंबर 2025 को वे कुतुबखाना चौकी क्षेत्र में मौलाना तौकीर रजा द्वारा इस्लामिया कॉलेज पर भीड़ एकत्रित करने की अपील को लेकर तैनात थे। इसी दौरान करीब 500 मुस्लिम व्यक्तियों की भीड़ कुमार टॉकिज पर इकट्ठा होने लगी। पुलिस ने समझाकर रोकने का प्रयास किया तो कुछ लोग भीड़ को उकसाने लगे। उत्तेजक नारे लगाने लगे। अचानक भीड़ पुलिस पर हमलावर हो गयी। अवैध हथियारों से लैस लोगों ने पुलिसबल को जान से मारने की नियत से फायर कर हत्या का प्रयास किया। वहीं दूसरे मामले में 25 सितंबर की शाम को नदीम खान व डॉ नफीस खान ने आपसी साजिश कर एक फर्जी पत्र तैयार किया था जिसमें आरोपी की संलिप्तता पाते हुए पुलिस ने मुल्जिम बनाया था। कोर्ट ने सुभान की दोनों ही मामलों में जमानत अर्जियां निरस्त कर दी हैं।

### कुकर्म के आरोपी की दांडिक अपील खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** दो नाबालिग भाइयों को रुपये का लालच देकर खेत में ले जाकर कुकर्म करने के आरोपी किशोर अपचारी की दांडिक अपील स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि थाना हाफिजगंज के एक गांव के निवासी किशोर की जमानत अर्जी अवर प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड की ओर से 13 फरवरी को खारिज की गयी थी, जिसको चुनौती देते हुए किशोर की ओर से पॉक्सो कोर्ट के समक्ष दांडिक किशोर अपील दायर की गयी थी।

# सिरौली में 160 रुपये के विवाद में तलवारें चलीं, 4 गंभीर घायल

संवाददाता, बरेली/ सिरौली

**अमृत विचार :** सिरौली कस्बे के अलीगंज रोड पर शनिवार दोपहर 160 रुपये के मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। धर्म कांटे पर वजन कराने को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने दूसरे पर तलवार, चाकू और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।



घायल

जानकारी के अनुसार, सिरौली निवासी सिपतुल पुत्र अतीक अपनी कबाड़ से भरी गाड़ी का वजन कराने अलीगंज रोड स्थित यामीन के धर्म कांटे पर पहुंचे थे। वजन के बाद 160 रुपये की मांग पर सिपतुल ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि यामीन ने कथित तौर पर तलवार से सिपतुल पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा।



विवाद के बाद सिरौली थाने के बाहर जमा भीड़। ● अमृत विचार

घटना की खबर मिलते ही सिपतुल के परिजन और रिश्तेदार खलील अल्वी, शकील अल्वी और रहीश अल्वी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। लाठी-डंडों और चाकुओं से किए गए इस हमले में रहीश और सिपतुल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को भी चोटें आईं।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

पीड़ित पक्ष ने यामीन, नईम, हरसान, कलीम और वाहिद पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है और तहरीर मिलते ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने 71 साल पुराना रास्ता किया बंद, भटक रही एक बेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला कटघर में दबंगों ने 71 साल पुराना रास्ता गेट लगाकर बंद कर दिया है। 8 फीट चौड़े और 10 मीटर लंबे गली के रास्ते पर जबरन अवैध गेट लगवा दिया गया है। अकेली बेटी गेट खुलवाने को दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। जांच में शिकायत पाए जाने के बाद भी अफसर उसकी मदद नहीं कर रहे।

रास्ता बंद होने से पीड़ित नेहा कमाल को अपने प्लॉट पर मकान बनवाना मुश्किल हो रहा है। कई माह से नगर निगम, कमिश्नरी, कलेक्ट्रेट और एसएसपी दफ्तर दौड़ रही है। नगर निगम की जांच में और अभिलेख-नक्शे में वहां 71 साल पुराना रास्ता निकला है। निगम के मानचित्रकार रविंद्र कुमार की रिपोर्ट पर नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने गली से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे लेकिन रास्ता खाली नहीं हुआ। पिछले महीने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने पर मुख्य अभियंता निर्माण को चिट्ठी जारी की गई थी। 11 मार्च को लिखे इस पत्र पर भी कार्रवाई नहीं हुई। नेहा ने किला थाने के एसआई वकार अहमद पर गलत जांच का भी आरोप लगाया है। आरोपी उसे धमकी दे रहे हैं। इसके वीडियो भी उसके पास हैं मगर न्याय नहीं मिल रहा।



अतिक्रमण के बाद गली का हाल।

- **शिकायत सही मिली मगर मदद नहीं कर रहे अफसर**
- **नगरायुक्त का आदेश भी साबित हो रहा बेअसर**

## सिटी ब्रीफ

### मीरगंज में 19 हजार 111 नए मतदाता बने

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान का कार्य संपन्न होने के बाद शनिवार को उपजिलाधिकारी आलोक कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान एसडीएम ने पुनरीक्षण अभियान में प्राप्त दावों और आपत्तियों के निस्तारण से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि फॉर्म-6 के तहत नए मतदाताओं के लिए कुल 20,255 आवेदन प्राप्त हुए थे।जिनमें से 19,111 स्वीकृत किए गए और 1,144 निरस्त कर दिए गए। भाजपा से भगवान सिंह गंगवार, सपा से सुरेश गंगवार व मनोहर पटेल, बसपा से ओमकार कातिब, कांग्रेस से मो. इल्यास अंसारी और अपना दल से धर्मवीर मौजूद रहे।

### स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव के साथ नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराने को अभिभावकों की भीड़ उमड़ रही है। प्राथमिक विद्यालय गौंटिया रहमतनगर के प्रधानाध्यापक सरल कुमार त्रिवेदी,बैरमनगर के राजीव शर्मा ने बताया कि नये शैक्षिक सत्र में बच्चों के नामांकन कराए जा रहे हैं। इस समय नई कक्षाओं में प्रवेश चल रहे हैं। गांव में छोटे बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराने के लिए अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है। इससे कुछ लोग स्कूल आकर प्रवेश करा रहे हैं।

### धार्मिक स्थलों से 9 लाउडस्पीकर हटाए

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए शनिवार सुबह विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नियमों के विरुद्ध लगे लाउडस्पीकरों पर कार्रवाई की गई। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्र के कई इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान विभिन्न धार्मिक स्थलों पर निर्धारित मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकर पाए गए, जिन्हें मौके पर ही उतरवा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई में कुल 9 लाउडस्पीकर हटाए गए।

# भाजपा नेत्री ने प्रीतिभोज को मांगे 20 सिलेंडर

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिला पंचायत सदस्य अनुपम शर्मा ने लगाई अर्जी, पेश किया शादी का कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी ने शिकायतें सुनीं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिना बुकिंग के एलपीजी सिलेंडरों के मिलने पर सख्ती होने के बाद से शादी समारोह वाले परिवार परेशान हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने डीएसओ दफ्तर में शादी कार्ड सहित प्रार्थनापत्र भेजकर सिलेंडर की गुहार लगाई है। शनिवार को तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में वार्ड 59 से भाजपा की जिला पंचायत सदस्य अनुपम शर्मा ने बेटे के विवाह आशीर्वाद समारोह के प्रीतिभोज के लिए 20 सिलेंडर दिलाने की मांग एसडीएम से करते हुए अर्जी लगाई।

अर्जी के साथ बेटे के विवाह आशीर्वाद समारोह का कार्ड भी लगाया। यह भी कहा कि दावत के कार्ड बांटे जा चुके हैं। सिलेंडर मिलेंगे या नहीं, इसका निर्णय डीएसओ करेंगे। डीएसओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। समाधान दिवस में सुबह 10 बजे से एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व से जुड़ी 18 शिकायतें पहुंचीं। बन्नूवाल नगर फेस-2 निवासी ओमवती ने शिकायत की कि दबंगों ने उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। ग्राम घुरसमसपुर के जगतपाल ने कहा कि कि तीन दुकानें तीन हजार रुपये मासिक किराये, 28 हजार रुपये के वेतन की नौकरी, पांच बीघा भूमि जमीन आदि होने पर भी कम आय दिखाकर आय प्रमाण पत्र बनवाया है। लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। आंवला के जगमनपुर निवासी उर्मिला ने कहा कि पति की मृत्यु 31 मई 2025 को हुई थी। उसने वारिसान जारी कराने के लिए आवेदन किया। आरोप है कि रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल ने 25 हजार रुपये की मांग की। चनेहटा निवासी गोविंद पटेल ने तालाब पर कब्जा होने की शिकायत की। सुभाषनगर निवासी विजय कुमार अग्रवाल ने नगर निगम पर अभिलेखों को छिपाने व गलत सूचना देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की।

● **दो लेखपालों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए शिकायतें पहुंचीं जांच के निर्देश दिए**

दोपहर में कमिश्नर भूपेन्द्र एस चौधरी तहसील पहुंचे और शिकायतें सुनीं। तहसील दिवस रजिस्टर व उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालयों पर जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है।

शीघ्र ही तहसील मुख्यालयों व संपूर्ण समाधान दिवसों की भी लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू हो जाएगी, ऐसे में समस्त अधिकारी समय से संपूर्ण समाधान दिवसों में अपनी उपस्थिति बनाए रखें ताकि शिकायतों के निस्तारण में कोई समस्या ना आए।

# पहली बार टीबी रोगियों की जानकारी जुटाएंगी आंगनबाड़ी



300 बेड अस्पताल में ट्रेनिंग लेतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के 'दस्तक' अभियान के तहत पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीबी मरीजों की पहचान और उनकी जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए तीन सौ बेड अस्पताल में उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।


संचारी रोग जागरूकता के लिए एक अप्रैल से गांवों में काम शुरू हो गया है। जिन गांवों में पहले मलेरिया और डेंगू का प्रकोप था ,वहां दवा का छिड़काव और साफ सफाई की जा रही है। वहीं 10 अप्रैल से दस्तक अभियान की शुरूआत होनी है। अब तक अभियान के दौरान मलेरिया, डेंगू, कुपोषित बच्चों की जानकारी जुटाई जाती थी, मगर अब शासन ने इसमें टीबी के मरीजों की जानकारी भी जोड़ दी है। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को टीबी के लक्षण, पहचान और मरीजों तक पहुंचने के तरीके बताए जा रहे हैं।

● **दस्तक अभियान के लिए आंगनबाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग**

# तेज हवा से फाल्ट की झड़ी, बिजली उड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **देर रात शहर के कई इलाकों में ठप रही बिजली**



**अमृत विचार :** शहर में शनिवार रात 9:00 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि कई जगह पर पेड़ों के तारों से टकराने के चलते 33 और 11 केवी की लाइन में फाल्ट हो गया। इसके अलावा शहर में अन्य जगहों पर लोकल फाल्ट हुए। उन्होंने बताया कि टीम तेज हवा और जोखिम भरे हालत में पेट्रोलिंग करते हुए फाल्ट को ठीक कर रही है।

कई इलाकों में शनिवार को लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। किला सबस्टेशन के बाकरगंज में वोल्टेज ऊपर-नीचे होते रहे। कुतुबखाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। डेलापीर और शाहदाना इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए। सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, मिशन सबस्टेशन, सिविल लाइंस तृतीय और सीबीगंज क्षेत्र से भी बिजली संबंधी शिकायतें हेल्प डेस्क पर पहुंचती रहीं। शुक्रवार रात आई तेज आंधी से भी कई इलाकों में फाल्ट होने से देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी थी। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन आंधी, बारिश की भविष्यवाणी की है।

### ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर फुंकने की बात छिपाई तो जेई के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी की शुरुआत होते ही मध्यांचल मुख्यालय से ट्रांसफार्मरों नजर रखी जा रही है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि अभी से नजर बनाए रखें कि कोई ओवरलोड होने से कोई ट्रांसफार्मर तो क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। अगर किसी जेई ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर छिपाया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पावर कारपोरेशन चेयरमैन डा. आशीष गोयल ने प्रदेश भर के मुख्य अभियंता के साथ समीक्षा बैठक बेहतर बिजली आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहर से देहात तक के अधिकारियों के साथ बैठक करके चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी इलाके में ओवरलोडिंग या किसी अन्य वजह से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ है तो इसकी सूचना अभी दे दें। अगर जांच में कहीं पर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलती है तो संबंधित क्षेत्र के जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता और एसडीओ भी जवाब तलब किया जाएगा।

# दरगाह शाहदाना वली पर उर्स का आगाज

● **चादरपोशी के लिए पहुंचे अकीदतमंद, सुबह हुई कुरानख्वानी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दरगाह शाहदाना वली पर चादरपोशी करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दरगाह शाहदाना वली पर शनिवार से छोटे उर्स की शुरुआत हो गई। पहले दिन का आगाज कुरानख्वानी से किया गया। दिनभर दरगाह पर अकीदतमंद हाजिरी के लिए पहुंचते रहे।

दरगाह के मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि दरगाह शाहदाना वली पर छोटे उर्स सतरहवीं की शुरुआत बाद नमाजे फजर कुरानख्वानी से हुई। मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा खा ने दरगाह शरीफ पर सलातो सलाम का नजराना पेश किया। अलग-अलग जगहों से जायरीन दरगाह पर चादर पोशी व गुल पोशी करने पहुंचे। दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मिया ने जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया। रात में इशा की नमाज के बाद मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ, जिसमें दूरदराज से आए मौलाना इमरान बरकाती, मौलाना सय्यद रेहान, मौलाना भूरा, आजम बरसाती ने कलाम पेश किए। कार्यक्रम सूफी रिजवान रजा खां कादरी की निगरानी में हुआ। रविवार को रात 10 बजे महफिल ए शमा का आयोजन होगा। गफूर पहलवान, अब्दुल सलाम नूरी, सलीम रज़ा, गुल्लन खान, जावेद खां, भूरा साबरी, यूसुफ इब्राहिम, इरफान घोसी, वसी अहमद, सईद खां आदि मौजूद रहे।

# फ्यूचर फिएस्टा में हर्षित मिश्रा मिस्टर, मिस बनीं ट्विंकल गुप्ता



मिस्टर फ्यूचर फिएस्टा हर्षित मिश्रा और मिस फ्यूचर ट्विंकल गुप्ता के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली

● **फ्यूचर यूनिवर्सिटी में वार्षिक महोत्सव का हुआ शुभारंभ**

**अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में शनिवार से दो दिवसीय वार्षिक छात्र महोत्सव फ्यूचर फिएस्टा 2026-नवरंग का शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिता में मिस्टर फ्यूचर फिएस्टा हर्षित मिश्रा और मिस खिताब ट्विंकल गुप्ता के सिर सजा।

मुख्य अतिथि फॉरेंसिक साइंस के डायरेक्टर डॉ आदर्श कुमार, डिप्टी डायरेक्टर डॉ अजय कुमार, कुलाधिपति मुकेश गुप्ता, प्रो चांसलर दीप गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता ने कराई। ग्रुप डायरेक्टर डॉ हेमंत यादव ने छात्रों को सालाना जश्न में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में मिस्टर एवं मिस मुकाबले में स्टूडेंट का व्यक्तित्व, मंच संचालन, बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास निखरकर सामने आया। परिणाम ने उनके आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल को नई पहचान दी। प्रतिभागियों ने अपनी विशिष्ट शैली, आत्म-अभिव्यक्ति से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। शाम का माहौल संगीतमय रहा। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने कहा, फ्यूचर फिएस्टा सिर्फ एक एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे स्टूडेंट के लिए खुद को खोजने, जोड़ने और अभिव्यक्त का एक खुला मंच है। संयोजिका डॉ. शिवांगी घिल्डियाल ने सबका आभार व्यक्त किया।

# दांत -जबड़े विकसित होने के दौरान ब्रेसेस लगवाना लाभकारी

● **इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों ने दी सलाह**

**बरेली, अमृत विचार:** बच्चों में टेढ़े-मेढ़े दांतों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह न केवल सुंदरता को प्रभावित करती, बल्कि दांतों और मसूड़ों की सेहत पर भी असर डालती है, ऐसे में ब्रेसेस (दांतों को सीधा करने वाला उपचार) एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय माना जाता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि ब्रेसेस का मुख्य उद्देश्य दांतों को सही स्थिति में लाकर जबड़ों के विकास को संतुलित करना है। बचपन और किशोरावस्था में जब दांत और जबड़े विकसित हो रहे होते हैं, तब ब्रेसेस लगवाना अधिक लाभकारी होता है, क्योंकि इस उम्र में सुधार जल्दी और बेहतर तरीके से होता है। टेढ़े-मेढ़े दांतों के कारण बच्चों को सही तरीके से चबाने में कठिनाई होती है। इससे पाचन पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे दांतों की सफाई करना भी मुश्किल होता है, जिससे कीड़ा लगने और मसूड़ों की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ब्रेसेस इन सभी समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि ब्रेसेस से बच्चों की मुस्कान सुंदर बनती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। हालांकि, ब्रेसेस लगवाने के दौरान कुछ सावधानियां रखना जरूरी होता है, जैसे-सख्त और चिपचिपे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए, नियमित रूप से ब्रश करने व दंत चिकित्सक की सलाह का पालन करना चाहिए।

# परिवार रजिस्टर जांच में मिलीं खामियां, जांच के दिए आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में परिवार रजिस्टर की जांच के दौरान अनियमितताएं मिली हैं। प्राथमिक स्तर पर हुई जांच में कई ग्राम पंचायतों के रिकॉर्ड में गंभीर खामियां पाई गई हैं। जिनमें परिवार के सदस्यों का अधूरा विवरण, नामों की त्रुटियां और अद्यतन जानकारी का अभाव प्रमुख रूप से शामिल हैं। इससे योजनाओं के लाभार्थियों के चयन में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में इन अनियमितताओं के लिए ग्राम सचिवों और पंचायत स्तर पर रखे जा रहे रिकॉर्ड में लापरवाही को जिम्मेदार माना जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कमल किशोर ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

## सिटी डायरी

### बिजली मेगा कैंप में समस्याओं का किया समाधान




**बरेली, अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए बिजली विभाग की तरफ से शनिवार को शहर से देहात तक मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया। तकनीकी निदेशक ने भी शहर में पहुंचकर मेगा कैंप का निरीक्षण किया। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आ रही समस्याओं को कम करने के लिए शनिवार को आंवला, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, फरीदपुर और शहर के राजेन्द्रनगर, किला, कुतुबखाना, जगतपुर, राजेन्द्रनगर सबस्टेशन पर बिजली मेगा कैंप आयोजित किए। मेगा कैंप में 304 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर एप डाउनलोड कराए गए। 237 उपभोक्ताओं की बिल संबंधित शिकायतों को दूर किया गया। 667 उपभोक्ताओं ने माइनस का बिल जमा कराया। 83 उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश, शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह, ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह के अलावा निदेशक तकनीकी नंद किशोर मिश्रा ने कई जगह पर निरीक्षण कर कैंप में आए उपभोक्ताओं से बातचीत की।



### धर्मेंद्र कुमार अध्यक्ष व अवधेश पाल बने शाखा मंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ रोहिलखंड डिपो शाखा का शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें धर्मेंद्र कुमार शाखा अध्यक्ष, अवधेश पाल शाखा मंत्री, प्रशांत चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष, वेद प्रकाश तिवारी संगठन मंत्री, राकेश कुमार निगम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तम शुक्ला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार संयुक्त मंत्री, विपिन राठौर संयुक्त मंत्री, घनश्याम चौधरी प्रचार मंत्री, श्याम किशोर कार्यालय मंत्री निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी राम कुमार उपाध्याय ने रविंद्र पांडे चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में वर्ष 2026-2027 चुनाव संपन्न कराया।



### सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस के पदाधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से लखनऊ में पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बरेली से महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा के नेतृत्व में डॉ. मेहंदी हसन, उल्फत कठेरिया, तीर्थ मधुकर सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि जगजीवन राम का राजनीतिक जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा।

### 'द मेजेस्टी' प्रोजेक्ट यूरोपीय शैली में रहने का सपना करेगा साकार




**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 'द मेजेस्टी' प्रोजेक्ट एक नया आवासीय विकल्प लेकर आया है। जो यूरोपीय शैली में रहने का सपना साकार करने में मदद करेगा। यह प्रोजेक्ट दोहरा रोड पर स्थित है और इसमें आधुनिक सुख-सुविधाओं का संगम है। प्रसिद्ध आर्किटेक्ट अनुपम सक्सेना ने इसे डिजाइन किया है। यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से यूरोपियन थीम पर आधारित है। जो शहर को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएगा। जीआरएम स्कूल के ठीक पीछे स्थित यह आवासीय परियोजना न केवल शहर के प्रमुख इलाकों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करती है, बल्कि हरियाली और शांतिपूर्ण माहौल भी सुनिश्चित करती है। प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार पर ही डेली नीड्स और फार्मेसी की दुकानें होंगी। 'द मेजेस्टी' में शानदार डुप्लेक्स विला बनाए जा रहे हैं। जिसमें 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था और अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली रहेगी। इसमें सेहत और मनोरंजन के लिए ओपन जिम, योगा डेक, बैडमिंटन कोर्ट और बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित प्ले एरिया भी बनाया गया है।




# बरेली कॉलेजः डॉ. इंदीवर सिंह चीफ प्रॉक्टर बने मगर 'कुर्सी' नहीं संभाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कॉलेज प्रबंधन ने वरिष्ठ शिक्षकों को नए दायित्व सौंपे
- डीएसडब्ल्यू, प्रवेश व परीक्षा समेत जिम्मेदारियां बदलीं

**अमृत विचार :** एतिहासिक बरेली कॉलेज में हंगामे, रार-तकरार के बीच शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं बदली गई हैं। डॉ. इंदीवर सिंह के रूप में नए चीफ प्रॉक्टर भी मिल गए हैं मगर कुर्सी अभी भी खाली दिखाई दे रही है। शनिवार को बैठक के दौरान डॉ. इंदीवर चीफ प्रॉक्टर की सीट खाली छोड़ दूसरी कुर्सी पर बैठै। बाद में पूछे जाने पर कहा कि उन्होंने नई जिम्मेदारी के हिसाब से काम तो शुरू कर दिया है मगर विधिवत चार्ज नहीं मिलने तक कुर्सी नहीं संभालेंगे।

प्रबंधन ने नई व्यवस्था में डीन स्टूडेंट वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) पद पर रसायन विभाग के प्रो. एम.बी. कलहंस को जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्य प्रवेश नियंत्रक और परीक्षा नियंत्रक का प्रभार भौतिकी विभाग के प्रो ए.के. सिंह को दिया गया है। स्थापना प्रभारी, नैक प्रभारी और महिला समस्या निवारण प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी प्रो. वंदना शर्मा संभालेंगी। इसके अलावा आईक्यूएसी समिति के संयोजक के रूप में दर्शन शास्त्र विभाग के प्रो आर.के. गुप्ता को नामित किया गया है। प्रबंधन का कहना है कि इस प्रशासनिक फेरबदल से कामकाज में बेहतर समन्वय स्थापित होने के साथ शैक्षणिक, प्रवेश व परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगी।



प्राक्टर बोर्ड के साथ मीटिंग के दौरान मुख्य सीट छोड़कर दूसरी कुर्सी पर बैठे नए चीफ प्रॉक्टर प्रो . इंदीवर सिंह। ● अमृत विचार

**पहले से ही थी बदलाव की सुगबुगाहट :** बरेली कॉलेज में प्रशासनिक फेरबदल को लेकर पहले से ही सुगबुगाहट तेज थी। शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच जिम्मेदारियों में बदलाव को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही थी। अंदरखाने माना जा रहा था कि जल्द ही कई महत्वपूर्ण प्रभारों में परिवर्तन हो सकता है। विभिन्न विभागों में नए दायित्वों को लेकर कयासों का दौर भी जारी था। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने 30 मार्च को अपना इस्तीफा प्राचार्य को सौंप दिया था। इस बीच प्रो. खरे की टिप्पणी से कॉलेज में घमासान के हालात बन गए। एबीवीपी उनके विरोध में उतर आई। हंगामे के बीच कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया, जो अभी भी जारी है।

### प्रो. खरे बोले, वह इस्तीफा पहले ही दे चुके

मैने अपना रिजाइन 30 मार्च को ही दे दिया था। मेरे खिलाफ राजनीति करके यह सब किया गया है। बच्चों की कोई गलती नहीं है। जिन लोगों ने षड्यंत्र किया है, उनके नाम सामने आने लगे हैं। मैने चार साल तक सबको टीम समझकर काम किया। मैं खुद ही जुलाई में रिजाइन देना चाहता था लेकिन उससे पहले ही यह सब कर मुझे बदनाम करने की कोशिश की गई। प्रो . आलोक खरे, पूर्व चीफ प्रॉक्टरबारादरी पुलिस को कार्रवाई के दी तहरीर

### प्राचार्य ने कानूनी कार्रवाई को भेजा पत्र

बरेली कॉलेज में हुए बवाल मामले में प्राचार्य प्रो . ओपी राय ने कानूनी कार्रवाई के लिए थाना बारादरी पुलिस को पत्र लिखी है। प्राचार्य ने पत्र में कहा कहा कि कॉलेज परिसर में हुई घटनाओं से शैक्षणिक माहौल प्रभावित हुआ है और किसी भी कीमत पर इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## सिटी ब्रीफ

### महर्षि कश्यप का आज मनाया जाएगा जन्मोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** इस बार भी महर्षि कश्यप चौक स्टेडियम रोड पर रविवार को महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेले का आयोजन होगा। अखिल भारतीय कश्यप महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री प्रहलाद राम कश्यप ने बताया कि सभी कश्यप निषाद समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंच कर एकता का परिचय दें। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राकेश कश्यप, जिले के सांसद, विधायक, मेयर आदि जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों को अंतिम मौका

**बरेली, अमृत विचार :** इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से छूटे या वंचित छात्र–छात्राओं को अंतिम मौका दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार इनकी प्रैक्टिकल परीक्षाएं 9 और 10 अप्रैल को आयोजित कराई जाएंगी। परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नियुक्त परीक्षकों की देखरेख में संपन्न होंगी। जिन विद्यालयों के सभी छात्र प्रैक्टिकल से वंचित रहे हैं, उनकी परीक्षा उनके ही विद्यालय में कराई जाएगी। वहीं, जिन छात्रों की व्यक्तिगत रूप से परीक्षा छूटी है, उन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से निर्धारित परीक्षा केंद्र पर शामिल होना होगा।

### काडू बाबा में मेले में उमड़ी भीड़

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में तीन दिनों से चल रहा प्रसिद्ध काडू बाबा मेला रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। बरेली–पीलीभीत मार्ग पर कांडु पुल के पास आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आस्था प्रकट की। यह मेला हिंदू–मुस्लिम एकता की प्रतीक स्थली के रूप में जाना जाता है। यहां एक ओर ब्रह्मदेव स्थल है तो दूसरी ओर चिराग अली शाह की मजार, जहां दोनों समुदायों के लोग समान श्रद्धा के साथ पहुंचकर प्रसाद और चादर चढ़ाते हैं। मेले में आसपास के कई जिलों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

# बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली

## विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह फूलों से किया भव्य स्वागत, गूंजते रहे जयकारे, दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाथ नगरी में श्री बालाजी महाराज (हनुमान जी) के जन्मोत्सव पर शनिवार को पांचवीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने नारियल फोड़कर किया। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकियों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

शोभायात्रा दोपहर दो बजे रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर से शुरू होकर कालीबाड़ी, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, किला और अलखनाथ मार्ग से होती हुई साहूकारा स्थित श्री बालाजी दरबार पहुंचकर शाम करीब 7 बजे सम्पन्न हुई। यात्रा में झांकियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें गणपति महाराज, बाहुबली हनुमान, भोलेनाथ, पंचमुखी हनुमान, महाकाल अखाड़ा, शिव-सती और राधा-कृष्ण की झांकियां शामिल थीं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत बाहुबली हनुमान का स्वरूप विशेष रूप से सराहा गया, जिन पर मार्ग भर पुष्प वर्षा की गई। शहर विधायक प्रतिनिधि अमित सक्सेना, महंत अभिषेक मिश्रा, उप महंत आयुष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

- शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा

### महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण

शिवाजी मार्ग समेत विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। समापन पर महाआरती, संकट मोचन महायज्ञ, भंडारा और छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

### सनातन धर्म मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन में शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी नित्यानंद सरस्वती के सानिध्य में शांति मंदिर संस्था के सदस्यों ने संगीतमय में सुंदरकांड का पाठ किया। श्री सनातन धर्म मंदिर महिला मंडल की ममता बांगा, सुनीता मानिकतला, चंचल अरोरा, मधु कथूरिया, सुषमा सपरा, प्रोमिला नरूला, मंदिर प्रधान राकेश नरूला, निलेश अग्रवाल, बृजमोहन कक्कड़, राकेश, अजय अरोड़ा आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री संजीव चांदना ने किया।



# शांत दिवसः ईस्टर की पूर्व संध्या पर प्रार्थना सभाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ी संख्या में जुटे मसीह समाज के लोग, बाइबल का पाठ किया

**अमृत विचार :** ईस्टर की पूर्व संध्या पर शनिवार को मसीह समाज ने पुनरुत्थान दिवस शांत दिवस के रूप में मनाया। सभी जगहों पर रात्रि में प्रार्थना सभाओं का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोगों ने भाग लिया। बाइबल का पाठ किया गया। सभी एक दूसरे को ईस्टर की बधाई दी।

सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर चर्च प्रांगण में एकत्र होकर प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया। सीएमसी के सचिव डॉ डॉनल्ड बी लाल ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में ईस्टर की विशेष आराधना आयोजित की जाएगी। इस दिन नवजात बच्चों का नामकरण संस्कार (बपतिस्मा) पादरी द्वारा किया जाएगा।

वहीं, क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे (प्रभु यीशु मसीह के बलिदान दिवस) को श्रद्धा के साथ मनाया। प्रभु यीशु के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके मुख से निकले अंतिम सात वचनों के मनन-चिंतन के लिए चर्च में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। प्रार्थना सभा का प्रारंभ पादरी सुनील मसीह की प्रार्थना से हुआ। सभी ने मिलकर गीत गाए। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। विशेष प्रार्थनाएं कर विश्व शांति की कामना की।

पादरी प्रमोद नंदा ने बीमारों और विभिन्न प्रकार की परेशानियों से जूझ रहे लोगों के लिए प्रार्थना की। पवित्र बाइबल का पाठ किया। कई विशेष गीत प्रस्तुत किए गए। नीलिमा बेली, दयानिधि दिल्लू, एंजलीना स्मार्ट, रमनीक मैसी, राजेश लाल, विनय जोसफ, डॉ सलिल बलदेव के निर्देशन में सुंदर भक्ति गीत गाए गए। दिल्ली से आए वक्ता डॉ विंसेंट बेंजामिन ने भी विचार रखे।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का आगमन 6 को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से नाथ नगरी के त्रिवटी नाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। जहां पर एक हजार वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष छह अप्रैल को पहुंचेंगी। जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में देशभर में ले जाया जा रहा है।

बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से स्वामी भव्य तेज इसे बरेली लेकर पहुंचेंगे। 6 अप्रैल की सुबह 8.30 बजे से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में कार्यक्रम शुरू होगा। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग 6 अप्रैल को नाथ नगरी में एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक घटना की साक्षी बनने जा रही है। पूरे देश की यात्रा के अंतर्गत श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष जो 100 वर्षों तक तमिलनाडु में गुप्त रूप से संरक्षित रहे, इस पावन नगरी में पहुंचेंगे। यह यात्रा 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है, जो लंबे समय से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कर रही है। जिसका मूल मंत्र है तनाव मुक्त मन, हिंसा मुक्त समाज। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

1000 वर्ष प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु से होते हुए झांसी होते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेगी। आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक सौरभ मेहरोत्रा ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर जिले की एक नई पहचान स्थापित करेगा। श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों का आगमन शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम त्रिवटी नाथ मंदिर में प्रात 8:30 से 1:00 बजे तक आयोजित होगा। सोमनाथ शिवलिंग पूजा, आर्ट ऑफ लिविंग भजन-संकीर्तन और दर्शन होगा। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुनार, रीना अग्रवाल, अमित, सौरभ, ब्रजवासी अग्रवाल, नवीन गोयल, गोपाल शरण अग्रवाल, अशोक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




आध्यात्मिक आयोजन के बारे में जानकारी देते आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य।

- आर्ट ऑफ लिविंग परिवार त्रिवटी नाथ में करा रहा ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन
- आध्यात्मिक घटना का साक्षी बनेगा शहर, शिवलिंग पूजा संकीर्तन समेत कई कार्यक्रम

# बोर्ड परीक्षार्थियों को साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को साइबर ठगों से सतर्क रहने की सलाह दी है। परिषद के सचिव की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि रिजल्ट से पहले ठग सक्रिय होकर छात्रों को फोन, मेसेज या ई-मेल के जरिए गुमराह कर सकते हैं।

क्षेत्रीय सचिव मुन्ने अली ने बताया कि साइबर अपराधी परीक्षार्थियों को कॉल कर उनके अंकों को बढ़ाने का झांसा दे सकते हैं और इसके बदले पैसे की मांग कर सकते हैं। इतना ही नहीं, ठग खुद को परिषद का कर्मचारी बताकर मुख्य डेटा बेस तक पहुंच होने का झूठा दावा भी करते हैं, जिससे लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं।

## सिटी डायरी

### हरि मंदिर बरातघर में पंजाबी वैवाहिक परिचय 9 को




**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी सेवा कल्याण समिति की ओर से 9 अप्रैल को पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर बारातघर में किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार खुशहाली सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष सतीश लुनियाल ने बताया कि वैवाहिक परिचय सम्मेलन का अपना एक अलग ही समाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व है। महामंत्री लोकेश कालड़ा ने बताया कि अब तक लगभग 120 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 280 रजिस्ट्रेशन मौके पर भी किए जाएंगे। महिला इकाई की अध्यक्ष इंदू सेठी ने कहा कि समाज और महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसे परिचय सम्मेलन सभी समाज के लोग करते आ रहे हैं। आयोजन संरक्षक मंडल के सदस्य तिलक राजदुसेजा, होशियार सिंह, मधुर वीणा अरोड़ा, जनज राज अरोड़ा के निर्देशन में सतीश लुनियाल की अध्यक्षता में होगा। मीडिया प्रभारी सुमित कुमार, दर्शन लाल भाटिया, राजकुमार लुनियाल, अशोक सूरी, कौशरी सूरी, सत्यपाल अरोड़ा, डॉ . अजय कक्कड़, धीरज सेठी, राकेश साहनी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### निजी स्कूलों की फीस और नियमों पर उठाए सवाल

**बरेली, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल ने अध्यक्ष गौरव सक्सेना के नेतृत्व में विद्यालयों में लागू की जा रही शिक्षा नीतियों और शुल्क व्यवस्था को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि, नियमों के पालन और अभिभावकों के अधिकारों को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। ज्ञापन में कहा गया कि निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि को रोकने के लिए 2018 में नियम बनाए गए थे। यह अधिनियम वार्षिक 20,000 से अधिक फीस वाले स्कूलों पर लागू होता है। लेकिन इसे निजी स्कूल मानने को तैयार नहीं है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्कूलों द्वारा हर साल यूनिफॉर्म और किताबें बदलने पर रोक हो, पांच वर्ष से पहले ड्रेस बदलने के लिए समिति की अनुमति अनिवार्य हो और स्कूल छोड़ने पर सुरक्षा राशि ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर ई–पेमेंट के माध्यम से लौटाई जाए। दिलीप खुराना, चेतन गुजराल, आकाश शर्मा, अमित कंचन, पुनीत अनेजा, रौनक जॉली, नवीन राजपूत, मोहित अग्निहोत्री और शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।




### बच्चों के स्वागत के साथ शैक्षिक सत्र की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में शनिवार को नवीन सत्र 2026–27 का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट बी . के . कोचर और प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय ने फीता काटकर कर किया। छात्र–छात्राओं के स्वागत में शिक्षक–शिक्षिकाओं ने पुष्प वर्षा एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। बच्चों ने विद्यालय में बनी सेल्फी प्वाइंट का आनंद लिया। प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ . नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, प्रतीक्षा, साधना चौहान, मान्सी अरोरा, हिमांशी सक्सेना, प्रिया खण्डूजा, रिम्पी सक्सेना, प्रिया, प्रतिष्ठा सक्सेना, ज्योति मिश्रा, नूपुर शर्मा, अवधेश सक्सेना, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि का सहयोग रहा।

### जय नारायण स्कूल में नए सत्र से इंग्लिश माध्यम में होगी पढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** जय नारायण स्कूल में नए शैक्षिक सत्र से बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। स्कूल में कक्षा छह से नौ तक की पढ़ाई इंग्लिश मीडियम में कराई जाएगी। इस फैसले के बाद अभिभावकों और छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शनिवार को आयोजित जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर में प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र शामिल होने पहुंचे। स्कूल के प्रिंसिपल तपेंद्र कटारा ने बताया कि आधुनिक शिक्षा की जरूरत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। स्कूल में कक्षा छह से नौ तक और 11वीं कक्षा में इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई कराई जाएगी। सभी कक्षाओं की एक एक क्लास शुरू की जा रही है। स्मार्ट टीवी भी लगाए गए हैं। यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम को ही इंग्लिश मीडियम में पढ़ाया जाएगा।

# हैकाथॉन 4.0 में अंतिम दिन प्रतिस्पर्धा-नवाचार के रंग



एसआरएमएस में आयोजित कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस कॉलेज में आयोजित हैकाथॉन 4.0 का तीसरा अंतिम दिन उत्साह, प्रतिस्पर्धा और नवाचार के माहौल में सम्पन्न हुआ।

सुबह 10 बजे अंतिम मूल्यांकन चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें दो अलग-अलग निर्णायक मंडलों ने प्रतिभागी टीमों का मूल्यांकन किया। इन निर्णायक मंडलों में शिक्षाविदों के साथ-साथ उद्योग विशेषज्ञ भी शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रोजेक्ट्स का तकनीकी, व्यावहारिक और नवाचार के आधार पर आकलन किया। मूल्यांकन के बाद विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति और प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करते हैं और उनके तकनीकी कौशल को निखारते हैं।

डॉ. रितु सिंह, डॉ. अमित कुमार शर्मा, इं. आशीष अग्रवाल, डॉ. सत्य देव, इं. अश्वनी चौहान, इं. निपुण पांडे, डॉ. शैलेश सक्सेना, अंकित भारद्वाज, अंकित पटेल आदि उपस्थित रहे। संचालन इं. पारुल दीक्षित ने किया। इं. अश्वनी कुमार चौहान ने

# स्कूल चलोः प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को किताबों का वितरण किया
- मेधावी और विजेताओं को सम्मानित किया

**अमृत विचार :** अर्बन हाट स्थित ऑडिटोरियम में शनिवार को स्कूल चलो अभियान व प्रवेश उत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से अभियान की शुरुआत की, जिसका सजीव प्रसारण यहां भी दिखाया गया।

जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। मेधावी व प्रांतीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हरूनगला के छात्र हर्षित को उनके साइंस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से सम्मान मिला। स्कूल चलो अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

वन मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधायक एमपी आर्या, डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, बीएसए डॉ. विनीता समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।




कार्यक्रम में बच्चों के साथ सांसद, मेयर, विधायक व आला अफसर। ● अमृत विचार

### स्कूलों के शिक्षक भी हुए शामिल, निकाली रैली

अर्बन हाट स्थित ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में ब्लॉकों के कई स्कूलों के शिक्षक भी शामिल हुए। छात्रों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को स्मार्ट टीवी पर सुना। कई गांव में शिक्षकों ने रैली भी निकाली और बच्चों को स्कूल आने के लिए जागरूक किया।

### दो चरणों में चलाया जाएगा स्कूल चलो अभियान, बालिका शिक्षा पर विशेष फोकस

अभियान के तहत बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बालिकाओं का प्रवेश किया जाएगा। भट्ठों और झोपड़ी में रहने वाले बच्चों, प्रवासी परिवारों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों पर भी नजर रहेगी। प्रथम चरण में अभियान 15 अप्रैल तक और दूसरे चरण में एक से 15 जुलाई तक चलेगा।